HINDI

# संयुक्त राज्य अमेरिका का संसदभवन और संसद



# संसदभवन

संयुक्त राज्य अमेरिका का संसदभवन दुनिया में लोकतांत्रिक सरकार का सबसे अधिक पहचाना जाने वाला प्रतीक है। 1800 के बाद से यही अमेरिकी संसद का निवास-स्थान रहा है। संसदभवन वह स्थल है जहां संसद इस राष्ट्र के क़ानून लिखने के लिए एकत्रित होती है, और जहां राष्ट्रपतियों के शपथ-ग्रहण समारोह होते हैं और वे राष्ट्र की स्थिति बयान करने वाले अपने वार्षिक संदेश देते हैं। दो से अधिक शताब्दियों से, राष्ट्र के साथ-साथ संसदभवन का भी विस्तार होता गया, जैसे-जैसे नए राज्य संघ में शामिल होते गए, सेनेटरों और प्रतिनिधियों की बढ़ती हुई संख्या को समायोजित करने के लिए नए खंड जोड़े गए। इसकी छतों को ऐतिहासिक चित्रों से सजाया गया है, और इसके कक्ष राष्ट्र के इतिहास की महान घटनाओं और लोगों का निरुपण करती हुई मूर्तियों और पेंटिंगों की कतारों से सजे हुए हैं।



सेनेटर हेनरी क्ले पुराने सेनेट कक्ष में 1850 के समझौते की ओर से बोल रहे हैं।

## प्रारंभिक संसदभवन

मूल संसदभवन डॉ. विलियम थॉर्नटन द्वारा डिज़ाइन किया गया था, और 18 सितंबर,1793 को राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन द्वारा उसकी आधारशिला रखी गई थी। अन्य वास्तुकारों के साथ बेंजामिन हेनरी लैट्रोब और चार्ल्स बुल्फ़िंच ने इसके प्रारंभिक निर्माण का निर्देशन किया। 1800 में, जब सरकार फ़िलाडेल्फ़िया के अपने अस्थायी निवास से वाशिंगटन डी.सी. में स्थानांतरित हुई, उस समय जो संसदभवन उनका इंतज़ार कर रहा था, वह ईंट और बलुआ पत्थर की एक अधूरी इमारत थी। संसद छोटे, अपर्याप्त आकार वाले उत्तरी खंड में चली गई। शुरु में, प्रतिनिधि सदन की बैठकें दूसरी मंजिल पर उस बड़े कमरे में हुईं जहाँ संसदीय पुस्तकालय स्थापित किया जाना था, और सेनेट की बैठकें भूतल पर एक कक्ष में हुईं। 1810 और 1859 के बीच, सेनेट ने दूसरी मंज़िल पर एक कक्ष का उपयोग किया, जिसे अब पुराने सेनेट कक्ष के नाम से जाना जाता है।

1807 में, संसदभवन के दक्षिणी खंड को प्रतिनिधि सदन (हाउस ऑफ़ रेप्रेजेंटेटिव) के लिए पूरा किया गया। मध्य में जहाँ इमारत का गुम्बदाकार केंद्रीय भाग निर्मित किया जाना था उस रिक्त स्थान पर लकड़ी का एक पैदल मार्ग प्रतिनिधि सदन और सेनेट के खंडों को जोड़ता था। उस समय संसदभवन ऐसा दिखता था जब अगस्त 1814 में, ग्रेट ब्रिटेन के साथ अमेरिका के दूसरे युद्ध के दौरान, ब्रिटिश सैनिकों ने वाशिंगटन में संसदभवन और अन्य सार्वजनिक इमारतों को आग लगा दी। बाहरी दीवारें तो बच गईं, लेकिन अंदर का अधिकांश हिस्सा जल गया।



सैमुअल एफ़.बी. मोर्स द्वारा चित्रित प्रतिनिधि सदन का पुराना सभागृह, नेशनल गैलरी ऑफ़ आर्ट के संग्रह में।

1819 में, संसदभवन के पुनर्निर्मित खंडों को फिर से खोल दिया गया। केंद्र की इमारत ने, जो1826 में पूरी हुई, दोनों खंडों को जोड़ दिया। रोटंडा को ढकने के लिए लकड़ी और तांबे का एक नीचा गुंबद था।

## संसदभवन का विस्तार और गुंबद

1850 तक, इतने सारे नए राज्यों को संघ में प्रवेश दे दिया गया था कि प्रतिनिधि सदन और सेनेट अपने कक्षों में समा नहीं पा रहे थे। यह निर्णय लिया गया कि मूल इमारत के छोरों पर भव्य खंड जोड़ कर संसदभवन का विस्तार किया जाये। 1851 में डैनियल वेबस्टर ने, जो संसद के दोनों सदनों में सेवा कर चुके थे, नए खंडों की आधारशिला रखने के समारोह में वह भाषण दिया जो उनके प्रसिद्ध भाषणों मे से एक था। प्रतिनिधि सदन ने 1857 में अपने वर्तमान कक्ष में प्रवेश किया, और सेनेट ने 1859 में अपने कक्ष में।

भावी पीढ़ियों के लिए संसदभवन की कला की धरोहर को संरक्षित रखने में मदद करें। कृपया देखें और आनंद लें, लेकिन पेंटिंग्स और मूर्तियों को **कृपया स्पर्श न करें।**

प्रतिनिधि सदन के पुराने हॉल को बाद में राष्ट्रीय मूर्ति-संग्रह हॉल के रूप में समर्पित किया गया। संसद ने प्रत्येक राज्य को अपने सबसे उल्लेखनीय नागरिकों की दो मूर्तियों का योगदान करने के लिए आमंत्रित किया। आज, ये मूर्तियां राष्ट्रीय मूर्ति-संग्रह हॉल, रोटंडा, संसदभवन पर्यटक केंद्र और इमारत भर के गलियारों में प्रदर्शित हैं।

गृहयुद्ध के दौरान, थॉमस यू. वाल्टर द्वारा डिज़ाइन किए गए, ढलवां-लोहे के नए गुंबद पर काम जारी रहा। 2 दिसंबर, 1863 को, अमेरिकी कलाकार थॉमस क्रॉफर्ड द्वारा रचित, स्वतंत्रता की मूर्ति, पूर्वी प्लाज़ा के 287 फीट ऊपर, गुंबद के शीर्ष पर रखी गयी।

1870 के दशक में, परिदृश्य वास्तुकार फ्रेडरिक लॉ ओल्मस्टेड ने उन सीढ़ीदार प्रांगणों को डिज़ाइन किया जो संसदभवन के उत्तरी, दक्षिणी, और पश्चिमी परिसरों के आर-पार फैले हुए हैं। यह प्रांगण अतिरिक्त स्थल उपलब्ध कराते हैं और साथ ही राजधानी की पहाड़ी के शिखर पर बनी इस इमारत के लिए एक भव्य पीठिका प्रदान करते हैं।

## पिछली सदी में हुए बदलाव

20वीं शताब्दी शुरु होते होते, अधिक जगह की आवश्यकता फिर से तीव्र हो गई। प्रतिनिधि सदन और सेनेट कार्यालय की पहली इमारतें क्रमश: 1908 और 1909 में समाप्त हुईं।

संसदभवन की मूल बाहरी बलुआ पत्थर की दीवारों के गंभीर ह्रास ने बड़े नवीनीकरण को प्रेरित किया। 1958 और 1962 के बीच पूर्वी अग्रभाग को बत्तीस फीट आगे बढ़ा दिया गया और इसके मूल अग्रभाग की प्रतिकृति संगमरमर से बनाई गई। पुरानी बाहरी दीवारों के हिस्सों को अभी भी पूर्वी अग्रभाग गलियारे के अंदर देखा जा सकता है, और वे उन गुलाम अफ्रीकी अमेरिकी लोगों की स्थायी विरासत का प्रतीक बने हुए हैं जिन्होंने संसदभवन के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले पत्थरों का उत्खनन किया।

1980 के दशक में, पश्चिमी अग्रभाग की सावधानी से मरम्मत करके उसका जीर्णोद्धार किया गया; यह मूल बहिर्भाग का एकमात्र ऐसा हिस्सा है जो बाद में जोड़े गए संगमरमर से ढका हुआ नहीं है।

संसदभवन में जोड़ा गया नवीनतम हिस्सा है - संसदभवन पर्यटक केंद्र, जो पूर्वी प्लाज़ा के नीचे बनाया गया है और 2008 में पूरा हुआ। इस हिस्से में एक प्रदर्शनी हॉल, ऑरिएंटेशन थिएटर, एक रेस्तरां, उपहार की दुकानें, संसदीय पुस्तकालय जाने का मार्ग, और संसदभवन के लिए कार्यात्मक सुधार शामिल हैं।




प्रतिनिधि सदन के पुराने हॉल का अब राष्ट्रीय मूर्ति-संग्रह कक्ष के रूप में इस्तेमाल होता है।

## रोटंडा

रोटंडा संसदभवन का हृदय और केंद्र है। यद्यपि इसका किसी वैधानिक कार्य के लिए इस्तेमाल नहीं होता, यह एक समारोह स्थल है जहां अब्राहम लिंकन के समय से राष्ट्रपतियों, संसद सदस्यों, सेना के वीरों, और प्रतिष्ठित नागरिकों के अंतिम दर्शन आयोजित किए जाते रहे हैं। यात्रा पर आने वाले राष्ट्राध्यक्षों और विशेष मेहमानों का अक्सर रोटंडा में स्वागत किया जाता है, और अनेकों ऐतिहासिक कार्यक्रम यहाँ आयोजित किये गए हैं।

रोटंडा में ऐसे चार विशाल चित्र टंगे हुए हैं जिन्हें जनरल वाशिंगटन के सहायक, और अमेरिकी क्रांति के दृश्यों का चित्रण करने वाले, जॉन ट्रंबुल ने चित्रित किया है। चार अन्य कलाकारों की पेंटिंग्स संयुक्त राज्य अमेरिका की खोज और यहाँ बस्तियां बसने से जुड़ी घटनाओं को दर्शाती हैं। रोटंडा के, भूमितल से 180 फीट की ऊँचाई पर लटके हुए, वितान पर इतालवी-अमेरिकी कलाकार कॉन्स्टैंटिनो ब्रुमिडी ने “अपोथिओसिस ऑफ़ वाशिंगटन” चित्रित किया। इसमें जॉर्ज वाशिंगटन को अमेरिकी लोकतंत्र और तकनीकी प्रगति के प्रतीकों से घिरा हुआ दिखाया गया है। ब्रुमिडी ने संसदभवन के कई कमरों और गलियारों को चित्रित किया और सजाया, और जब उनका देहांत हुआ वह उस चित्रवल्लरी को चित्रित कर रहे थे जो रोटंडा को घेरे हुए है। उनके कार्य को, जो राष्ट्र के इतिहास की प्रमुख घटनाओं का सचित्र वर्णन करता है, अन्य कलाकारों ने पूरा किया।



कॉन्स्टेंटिनो ब्रुमिडी ने 1865 में संसदभवन गुंबद के अंदर “अपोथिओसिस ऑफ़ वाशिंगटन” चित्रित किया।

यह 1800 में संसदभवन का दृश्य है जब केवल उत्तरी खंड पूरा हुआ था। ▶





◀ ढलवां-लोहे के नये गुंबद के निर्माण का काम 1861 में काफी आगे बढ़ चुका था।

▼ राष्ट्रपतियों के शपथ ग्रहण समारोह 1801 से संसदभवन में होते रहे हैं। यह दृश्य 1925 में कैल्विन कूलिज के शपथ ग्रहण समारोह का है।



▲ गुंबद के शीर्ष पर है स्वतंत्रता की मूर्ति।

संसदभवन का पहला ज्ञात फ़ोटोग्राफ़ 1846 में लिया गया था। ▶





CVC 18-095

# संसद

संयुक्त राज्य अमेरिका की संसद दो विधायी निकायों से मिलकर बनी है - सेनेट और प्रतिनिधि सदन, जिनकी बैठकें संसदभवन के दो खंडों में अलग-अलग कक्षों में होती हैं। यहां सदस्य विधेयक पेश करते हैं; मुद्दों पर बात करते हैं; और विधेयकों, प्रस्तावों, नामांकनों, और संधियों पर मत डालते हैं। जब मतदान का समय हो तो सम्पूर्ण संसदभवन और कार्यालय भवनों में लगे गुंजकों और रोशनियों की श्रृंखला सदस्यों को मतदान करने के लिए बुलाती है।

प्रतिनिधि सदन की बैठकें दिसंबर 1857 से दक्षिणी खंड में अपने कक्ष में होती रही हैं। प्रतिनिधि सदन में विधायी गतिविधियां इसी कमरे में शुरु और समाप्त होती हैं। प्रत्येक विधेयक यहां पेश किया जाता है, और समिति में विचार पूरा होने के बाद बहस और मतदान के लिए यहीं वापस आता है।

तीन-स्तरीय मंच की कक्ष में प्रधानता है। इसी मंच से सभापति, या नामित व्यक्ति, सभा-चतुर की सहायता से, सदन की अध्यक्षता करता है। नीचले स्तर उन क्लर्कों के लिए जगह प्रदान करते हैं जो सदन की कारवाई में सहायता करते हैं, जिसमें विधेयक पढ़ना, मत गिनना, और बहस को रिकॉर्ड करना शामिल हैं। कक्ष में बैठने की रंगमंच-शैली की वर्तमान व्यवस्था 1913 में स्थापित की गई थी, जिसने उन अलग-अलग डेस्कों का स्थान लिया जो सदस्यों के लिए एकमात्र कार्यालय स्थल हुआ करते थे। 1789 में अपनी स्थापना के समय से ही, प्रतिनिधि सदन ने अपनी दीर्घाओं को जनता और प्रेस के लिए खुला रखा है। टेलीविज़न पर उसी समय बहस की कार्यवाही का सीधा प्रसारण 1979 में शुरु हुआ।

सेनेट अपने वर्तमान कक्ष में तब स्थानांतरित हुई जब1859 में संसदभवन के नए उत्तरी खंड को पूरा कर लिया गया। संचालन अधिकारी केंद्रीय मंच से अध्यक्षता करता है। नीचले स्तरों को सेनेट अधिकारियों और क्लर्कों के लिए नियत किया गया है। एक सौ डेस्क अर्धवृत्तीय आकार में रखे गए हैं और पार्टी संबद्धता के अनुसार उनका आबंटन किया जाता है। कुछ विरल अवसरों को छोड़कर, कक्ष की कार्यवाही जनता के लिए खुली होती है, और प्रेस, स्टाफ़, परिवार, राजनयिकों और पर्यटकों के लिए सेनेट की गैलरियां उपलब्ध होती हैं। 1986 से, सेनेट की दैनिक कार्यवाही का टेलीविज़न पर प्रसारण किया जाता है।

## सेनेट

सेनेट में 100 सदस्य हैं, प्रत्येक राज्य का समान रुप से दो-दो सेनेटर प्रतिनिधित्व करते हैं। सेनेटर 30 साल का होना चाहिये, राज्य का निवासी होना चाहिये और संयुक्त राज्य अमेरिका का कम से कम नौ साल से नागरिक होना चाहिए। सेनेटर छह साल के लिए चुने जाते हैं, और परस्पर-व्यापी कर्यावधियों के चलते, सेनेट के एक-तिहाई सदस्यों का हर दूसरे वर्ष चुनाव होता है।

मूलतः सेनेटर राज्य-विधायकों द्वारा चुने जाते थे, लेकिन 1913 में संविधान के सत्रहवें संशोधन ने लोगों द्वारा सेनेटरों के सीधे चुनाव की व्यवस्था की। यदि कोई जगह खाली होती है, तो उसे भरने के लिए अधिकांश राज्यों के गवर्नर प्रतिस्थापन नियुक्ति कर सकते हैं। उप-राष्ट्रपति “सेनेट के अध्यक्ष” हैं, लेकिन दैनिक आधार पर अध्यक्ष की कुर्सी पर सामान्यतः अल्पकालीन अध्यक्ष (बहुमत पार्टी का वरिष्ठ सदस्य) या नामित व्यक्ति बैठता है। उप-राष्ट्रपति केवल पक्ष-विपक्ष के मतों की बराबरी तोड़ने के लिए ही वोट देते हैं।

## प्रतिनिधि सदन

20वीं शताब्दी के आरम्भिक वर्षों के बाद से, सदन की सदस्य-संख्या मतदान कर सकने वाले 435 प्रतिनिधियों पर नियत रही है। जनगणना के पश्चात्, हर 10 साल बाद, राज्यों के लिए उनकी आबादी के आधार पर प्रतिनिधियों की संख्या नियत की जाती है और उनके विधायक-ज़िलों में फेर बदल की जा सकती है। प्रत्येक राज्य कम से कम एक प्रतिनिधि का हक़दार है।

यदि किसी प्रतिनिधि का निधन हो जाता है या वह कार्यावधि के मध्य में पद छोड़ देता है, तो उसका रिक्तस्थान भरने के लिए विशेष चुनाव आयोजित किया जाता है। इसके अलावा, ऐसे प्रतिनिधि जिन्हें मतदान का अधिकार नहीं है अमेरिकी समोआ, डिस्ट्रिक्ट ऑफ़ कोलंबिया, गुआम, वर्जिन द्वीप समूह और उत्तरी मारियाना द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं; पोर्टो रिको का प्रतिनिधित्व एक निवासी आयुक्त द्वारा किया जाता है।

प्रतिनिधि सदन का सदस्य 25 साल का होना चाहिये, राज्य का निवासी होना चाहिये और संयुक्त राज्य अमेरिका का कम से कम सात साल से नागरिक होना चाहिए। प्रतिनिधि सदन के सदस्य दो साल की अवधि के लिए चुने जाते हैं। सदन का अध्यक्ष स्पीकर कहलाता है। राष्ट्रपति के न रहने की सूरत में, उप-राष्ट्रपति के बाद प्रतिनिधि सदन का स्पीकर राष्ट्रपति पद का अगला उत्तराधिकारी होता है।



सेनेट का कक्ष ।



प्रतिनिधि सदन का कक्ष।

## विशेष अधिकार

नियंत्रण और संतुलन की संवैधानिक प्रणाली के तहत संघीय अधिकार सरकार की विधायी, कार्यकारी और न्यायिक शाखाओं, और साथ ही संसद के दोनों सदनों के बीच विभाजित भी हैं और साझा भी किए जाते हैं।

संविधान सेनेट और प्रतिनिधि सदन दोनों को युद्ध घोषित करने, सशस्त्र बलों को बनाये रखने, कर लगाने, धन उधार लेने, मुद्रा छापने, व्यापार का नियमन करने, और सरकार के संचालन के लिए आवश्यक सभी क़ानून बनाने की ज़िम्मेदारी देता है।

संधियों और नामांकनों पर सलाह और सहमति अकेले सेनेट प्रदान करती है। राष्ट्रपतीय चुनाव में इलेक्टोरल कॉलेज में मत अनिर्णायक रहने की स्थिति में, प्रतिनिधि सदन यह निर्धारित करता है कि राष्ट्रपति-चुनाव का विजेता कौन है – जैसाकि उसने 1800 और 1824 के चुनावों में किया था। महाभियोग की कार्यवाही (राष्ट्रपति या अन्य संघीय अधिकारी पर अभ्यारोपण) शुरु करने का अधिकार एकमात्र प्रतिनिधि सदन के पास है, और महाभियुक्त अधिकारी की न्यायिक जाँच करने और उसे पद से हटाया जाए या नहीं यह निर्णय करने का एकमात्र अधिकार सेनेट के पास है।

## सदस्यों के कार्यालय

प्रतिनिधि सदन के सदस्यों के कार्यालय संसदभवन के दक्षिण की ओर इंडिपेंडेंस एवेन्यू के किनारे तीन इमारतों में स्थित हैं: कैनन, लॉन्गवर्थ, और रेबर्न इमारतें। सेनेटरों के कार्यालय संसदभवन के उत्तर की ओर कौंस्टिट्यूशन एवेन्यू से लगी तीन इमारतों में स्थित हैं: रसल, डर्कसन और हार्ट इमारतें।

## पर्यटक जानकारी

संसदभवन की यात्रा तभी शुरु हो जाती है जब आप फ़र्स्ट स्ट्रीट के निकट ईस्ट कैपिटल स्ट्रीट पर संसदभवन पर्यटक केंद्र में प्रवेश करते हैं, जहां सभी पर्यटकों के लिए सुरक्षा जाँच से गुज़रना अनिवार्य है।

संसदभवन के मार्गदर्शित भ्रमण संसदभवन पर्यटक केंद्र की निचली मंज़िल पर दो ओरिएंटेशन थिएटरों में से एक में शुरु होते हैं। 13 मिनट की एक फ़िल्म "अनेकों में से, एक," दर्शाती है कि कैसे अमेरिकी संसद ने एक नई तरह की सरकार स्थापित की, अमेरिकियों के दैनिक जीवन में संसद जो अति-महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है उसको उजागर करतीहै, और पर्यटकों का उस इमारत से परिचय कराती है जिसमें अमेरिकी संसद का निवास है।

भ्रमण निशुल्क हैं, लेकिन भ्रमण प्रवेशपत्र की आवश्यकता है। भ्रमण के लिए पहले से आरक्षण कराया जा सकता है ऑनलाइन *www.visitthecapitol.gov*, पर, अपने सेनेटर या प्रतिनिधि के कार्यालयों के माध्यम से, या पर्यटक सेवाओं के कार्यालय को 202.226.8000 पर फ़ोन करके। उसी दिन के भ्रमण के लिए कुछ अनुमतिपत्र संसदभवन पर्यटक केंद्र में उपलब्ध होते हैं।



रोटंडा संसदभवन की यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण है।

अपने संसदभवन पर्यटन के दौरान, हो सकता है आप अपने सेनेटरों और प्रतिनिधि के कार्यालय भी देखना चाहें, या सत्र के दौरान प्रतिनिधि सदन या सेनेट की कार्यवाही देखने चाहें। सभा-कक्षों में प्रवेश के लिए गैलरी-पास आवश्यक हैं और उन्हें आप अपने सेनेटर या प्रतिनिधि से प्राप्त कर सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को दीर्घा-प्रवेशपत्र के बारे में संसदभवन पर्यटक केंद्र की ऊपरी और निचली मंज़िलों पर स्थित प्रतिनिधि सदन और सेनेट के अपॉइंटमेंट डेस्कों पर पूछताछ करनी चाहिए।

संसदभवन पर्यटक केंद्र, थैंक्स-गिविंग दिवस, क्रिसमस दिवस, नव वर्ष दिवस, और राष्ट्रपति शपथ ग्रहण समारोह दिवस को छोड़कर, सोमवार से शनिवार तक सुबह 8:30 से शाम 4:30 बजे तक, खुला रहता है।

पर्यटक पहियाकुर्सी के लिए संसदभवन पर्यटक केंद्र के कर्मचारियों से या इमैन्सिपेशन हॉल में किसी सूचना डेस्क पर अनुरोध कर सकते हैं। भ्रमण के लिए सांकेतिक भाषा अनुवाद उपलब्ध है, यदि उसके लिए पहले से आरक्षण करा लिया गया हो। सभी फ़िल्मों में खुला अनुशीर्षक (ओपन कैप्शानिंग) है।

संसदभवन, प्रतिनिधि सदन, और सेनेट के बारे में अतिरिक्त जानकारी *www.aoc.gov*, *www.house.gov* और *www.senate.gov* पर उपलब्ध है।